नोट: 1. DGE&T **नई दिल्ली के पत्र संख्या *DGE&T-19(27)/2007-CD Dated 02.06.2008 के अनुसार उपरोक्त आरक्षित श्रेणियों में से 30% स्थान महिलाओं के लिए आरक्षित हैं। यदि महिला प्रत्याशी उपलब्ध न हो तो सम्बन्धित वर्ग के पुरुष प्रत्याशियों में से स्थान भरे* जायंगे**।

2.*उपरोक्त क्रमांक 4 के आरक्षण में निःशक्त व्यक्तियों/ उम्मीदवारों की अनुपलब्धता की स्थिति में, स्पॉट राउंड में रिक्त सीटों को सामान्य उम्मीदवारों से भरा जा सकता है, इसके अतिरिक्त यदि स्पॉट राउंड में निःशक्त व्यक्ति कम होते हैं तो वरीयता निःशक्त व्यक्तियों को ही दी जायगी।

3.** आईटीआई (महिला) में महिला उम्मीदवार उपलब्ध न होने पर स्पॉट राउंड में पुरुष उम्मीदवारों को भी प्रवेश दिया जा सकता है ।

8. आरक्षण (वर्ग एवं उपवर्ग)

8.1 आरक्षण वर्ग अनुसार (Vertical Reservation)

1. अनारक्षित	45%
2. अनुसूचित जाति के लिए	22%
3. अनुसूचित जनजाति के लिये	5%
4. अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए	18%
5. सामान्य वर्ग में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग **(General EWS/ IRDP)**	10%

नोट: (i) अनुसूचित जाति / अनुसूचित जनजाति / अन्य पिछड़ा वर्ग एवं सामान्य वर्ग में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग का प्रमाणपत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया होना चाहिए।

(ii) अन्य पिछड़ा वर्ग प्रमाणपत्र की वैधता जारी होने की तिथि से एक साल या सक्षम अधिकारी द्वारा निर्धारित तिथि ही माना जाएगा, जिसकी वैधता काउंसलिंग तिथि तक या प्रशिक्षण शुरू होने की तारीख (01.08.2026/ प्रशिक्षण महानिदेशालय द्वारा सत्र शुरू होने की तय तिथि) तक होनी आवश्यक है।

8.2 आरक्षण उपवर्ग अनुसार (Horizontal Reservation)

सभी आरक्षित एवं अनारक्षित श्रेणियों की सीटों के लिए लागू:

1. भूतपूर्व सैनिकों/ सेवारत सैनिकों के बच्चों के लिए आरक्षित	15%
2. स्वतंत्रता सेनानी (पौत्र/ पौत्री)	2%
3. विशेष तौर पर नि:शक्त व्यक्तियों के लिए	4%
4. **अंत्योदय / आईआरडीपी / बीपीएल** (केवल अनु०जा०/ अनु०ज०जा० एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के लिए)*	7%
5. खिलाडियों के लिए	2%
6. (अनुसूचित जनजाति क्षेत्र केअलावा अन्य) पिछड़े क्षेत्र के उम्मीदवारों के लिए	4%

नोट :- **उप-आरक्षण के तहत उम्मीदवारों की अनुपलब्धता की स्थिति में आरक्षण को मुख्य वर्ग में परिवर्तित किया जा सकता है।**

***** सामान्य वर्ग के अभ्यर्थी जो अंत्योदय / आईआरडीपी / बीपीएल से सम्बन्धित हैं वे General EWS वर्ग में आवेदन करेंगे उन्हें General EWS का प्रमाण पत्र बनाने की आवश्यकता नहीं होगी, उन्हें अंत्योदय / आईआरडीपी / बीपीएल प्रमाण पत्र के साथ एक और प्रमाण पत्र चाहिए जिसमे लिखा हो कि अभ्यर्थी अनु०जा०/ अनु०ज०जा० एवं अन्य पिछड़ा वर्ग से सम्बन्धित नहीं है (Appendix-IX)

8.3 सम्बन्धित व्यवसाय में प्रशिक्षण हेतु अंक प्रतिशतता में अतिरिक्त अधिभार

एक एनसीवीटी ट्रेड पास कर चुके उम्मीदवार अन्य सम्बन्धित व्यवसाय में प्रशिक्षण प्राप्त कर सकते है। सम्बन्धित व्यवसाय में प्रशिक्षण प्राप्त करने के लिए प्राप्तांको में 5% अतिरिक्त अधिभार जोड़ा जाएगा।

क्रम संख्या	सम्बन्धित व्यवसाय	अतिरिक्त अधिभार प्रतिशत
1	आशुलिपि एवं सेक्रेटेरियल सहायक (हिंदी), आशुलिपि एवं सेक्रेटेरियल सहायक (अंग्रेजी), सेक्रेटेरियल प्रैक्टिस (अंग्रेजी)	5%
2	Sewing Technology, Dress Making, Surface Ornamentation Techniques (Embroidery).	5%
3	NSQF लेवल-2 के तहत मैट्रिक (सम्बन्धित व्यवसाय केवल) सम्बन्धित व्यवसाय: 1. ऑटोमोबाइल क्षेत्र: मैकेनिक मोटर व्हीकल, मैकेनिक डीजल इंजन, मैकेनिक मोटर साइकिल, पम्प संचालक सह मैकेनिक। 2. सूचना प्रौद्योगिकी क्षेत्र: मैकेनिक इलेक्ट्रॉनिक, ICTSM , कोपा, आईटी, DTPO, मैकेनिक (ऑटो इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स), आशुलिपि एवं सेक्रेटेरियल सहायक (हिंदी / अंग्रेजी)	5%
4	लगातार 2 वर्षों तक N.C.C. का प्रशिक्षण प्राप्त किये हुए प्रत्याशियों को अधिभार। आवश्यक प्रमाण पत्र तत्सम्बन्धी N.C.C. ऑफिसर द्वारा जारी किया होना चाहिए।	1%

8.4 खिलाड़ी वर्ग के लिए उपलब्धियों के अनुसार वर्गीकरण एवं अंक प्रतिशतता का अधिभार (केवल खिलाडी वर्ग में मेरिट हेतु)

युवा सेवा एवं खेल विभाग की अधिसूचना संख्या YSS-F(10)-1/2021-Loose दिनांक 11.03.2022 के द्वारा जारी खेल श्रेणीकरण नीति के अनुसार:

क्रम संख्या	श्रेणी	उपलब्धियों के अनुसार वर्गीकरण
1	**प्रथम (ए ग्रेड)**	1. ओलंपिक, पैरालिंपिक और 4 वर्षीय विश्व चैंपियनशिप में प्रतिनिधित्व 2. एशियाई खेल, पैरा एशियाई dखेल, युवा ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेल (पैरा एथलीट), युवा एशियाई खेल, अन्य विश्व/अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप, युवा राष्ट्रमंडल खेल, डेफलंपिक्स, विशेष ओलंपिक आईपीसी विश्व कप/चैम्पियोशिप, आईबीएसए विश्व चैंपियनशिप, विश्व विश्वविद्यालय खेल और अन्य एशियाई राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में विजेता
2	**द्वितीय (बी ग्रेड)**	1. एशियाई खेल, पैरा एशियाई खेल, युवा ओलंपिक, राष्ट्रमंडल खेल (पैरा एथलीट), युवा एशियाई खेल, अन्य विश्व/अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप, युवा राष्ट्रमंडल खेल, डेफलंपिक्स, विशेष ओलंपिक आईपीसी विश्व कप/चैम्पियोशिप, आईबीएसए विश्व चैंपियनशिप, विश्व विश्वविद्यालय खेल और अन्य एशियाई राष्ट्रमंडल चैंपियनशिप में में प्रतिनिधित्व 2. एसएएफ गेम्स, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट/एक दिवसीय टूर्नामेंट और ब्लाइंड क्रिकेट विश्व कप, विश्व विश्वविद्यालय खेल और विश्व युवा खेल/चैम्पियनशिप में विजेता

3	**तृतीय (सी ग्रेड)**	1. एसएएफ गेम्स, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट टूर्नामेंट/एक दिवसीय टूर्नामेंट और ब्लाइंड क्रिकेट विश्व कप, विश्व विश्वविद्यालय खेल और विश्व युवा खेल/चैम्पियनशिप में प्रतिनिधित्व 2. राष्ट्रीय खेलों**,** राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में विजेता
4	**चतुर्थ (डी ग्रेड)**	1. राष्ट्रीय खेलों**,** राष्ट्रीय चैम्पियनशिप में प्रतिनिधित्व 2. राष्ट्रीय स्कूल खेल/खेलो इंडिया/अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय खेल/अखिल भारतीय महिला खेल/अखिल भारतीय ग्रामीण खेल आदि में विजेता
5	**पंचम (ई ग्रेड)**	1. राष्ट्रीय स्कूल खेल/खेलो इंडिया/अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय खेल/अखिल भारतीय महिला खेल/अखिल भारतीय ग्रामीण खेल आदि में प्रतिनिधित्व 2. राज्य खेल/राज्य महिला खेल/राज्य विद्यालय/राज्य ग्रामीण एवं पंचायत/राज्य अंतर-विश्वविद्यालय में विजेता

स्पोर्ट्स ग्रुप के अनुसार खिलाड़ियों को दिए जाने वाले अंक प्रतिशतता का अधिभार :

क्रम संख्या	ग्रेड	सीनियर डिवीजन		जूनियर डिवीजन		टिप्पणी
		विजेता	विजेता के अलावा	विजेता	विजेता के अलावा	
1	**प्रथम (ए ग्रेड)**	12	10	10	8	खिलाड़ी वर्ग के अंतर्गत भरे जाने वाले स्थानों के लिए अलग मेरिट बनाई जाएगी जिसे बनाते समय प्रत्याशी द्वारा खेल कूद में प्राप्त की गई सबसे श्रेष्ठ उपलब्धी के आधार पर उसे इस सारणी में दिए गये मानकों अनुसार अतिरिक्त अधिभार उसके मेरिट में जोड़ कर खिलाड़ी वर्ग हेतु उसकी योग्यता का निर्धारण किया जाएगा। यह मेरिट केवल खिलाड़ी वर्ग के प्रवेश के लिए ही मान्य होगी, अन्य श्रेणियों में प्रवेश के लिए केवल प्राप्तांक ही मान्य होंगे। अतिरिक्त अधिभार हेतु खिलाड़ी वर्ग की अंक प्रतिशतता मनोनीत संस्थान से सत्यापन के बाद ही मेरिट में जोड़ी जाएगी (प्रत्येक जिले में मनोनीत संस्थान हैं)
2	**द्वितीय (बी ग्रेड)**	10	8	8	6	
3	**तृतीय (सी ग्रेड)**	8	6	6	5	
4	**चतुर्थ (डी ग्रेड)**	6	4	4	3	
5	**पंचम (ई ग्रेड)**	4	2	2	1	

नोट: -

1. प्रमाण पत्र भारत सरकार / राज्य सरकार / केंद्र शासित राज्य सरकार या मान्यता प्राप्त खेल संगठन द्वारा जारी किया होना चाहिए।
2. खेल प्रमाणपत्र खेल / शिक्षा या खेल या शिक्षा विभाग के उपनिदेशक / सहायक निदेशक / संयुक्त निदेशक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित किया होना चाहिए।
3. राज्य खेल संघों / संगठनों द्वारा जारी किए गए खेल प्रमाणपत्र खेल संघ के राज्य सचिव द्वारा सत्यापित एवं खेल विभाग के निदेशक / उपनिदेशक द्वारा प्रतिहस्ताक्षरित होने चाहिए।
4. युवा सेवाएं एवं खेल विभाग द्वारा जारी किए गए खेल प्रमाणपत्र, निदेशक / उपनिदेशक खेल विभाग द्वारा सत्यापित किये होने चाहिए ।
5. खिलाड़ियों के बराबर अंकों के मामले में व्यक्तिगत-खेल को टीम-खेल पर वरीयता दी जाएगी इसी प्रकार से Distinction के साथ खेल प्रमाण पत्र को बराबर अंकों के मामले में वरीयता दी जाएगी ।
6. सांस्कृतिक गतिविधियों / प्रतियोगिताओं के लिए कोई अधिभार नहीं दिया जाएगा ।
7. अतिरिक्त अधिभार खेल श्रेणियों के बीच में ही लागू होगा, यह प्रवेश के लिए सामान्य मेरिट लिस्ट की मेरिट में नहीं जोड़ा जायेगा ।
8. खेल से सम्बन्धित अधिभार अंकों के लिए उम्मीदवार को नामित (Designated Institute) संस्थान में तय तिथि को प्रमाण पत्र सहित जाना होगा।

8.5 सैनिक वर्ग हेतु आरक्षण में वरीयता के लिए मापदंड

भूतपूर्व सैनिकों की उप-श्रेणी के लिए वरीयता क्रम इस प्रकार से लागू होगा:-

1. शहीद / विकलांग भूतपूर्व सैनिकों के बच्चे / आश्रित (जिसमें शान्तिकालीन समय के दौरान शहीद / विकलांग रक्षा सैनिकों के बच्चे / आश्रित भी शामिल है।)
2. पूर्व सैनिकों के बच्चे / आश्रित
3. सेवारत रक्षा जवानों के बच्चे / आश्रित
4. सेवारत रक्षा अधिकारियों के बच्चे / आश्रित
5. पूर्व सैनिक

ध्यान दें:

1. प्रवेश के लिए युद्ध के समय आपरेशन/ सैन्य अभियान के दौरान शहीद / नि:शक्त पूर्व सैनिकों के बच्चों / आश्रितों को शांति समय आपरेशन/ सैन्य अभियान के दौरान शहीद / नि:शक्त पूर्व सैनिकों के बच्चों / आश्रितों पर वरीयता दी जाएगी।

2. पूर्व सैनिक द्वारा रक्षा प्रतिष्ठान से हासिल शैक्षिक योग्यता को निम्न के बराबर माना जायेगा:

क. सेना के विशेष शिक्षा प्रमाणपत्र में उत्तीर्ण	10^{th} पास के बराबर
ख. सेना क्लास -1 प्रमाणपत्र में उत्तीर्ण	8^{th} पास के बराबर
ग. सेना क्लास -2 प्रमाणपत्र में उत्तीर्ण	6^{th} पास के बराबर
घ. सेना क्लास -3 प्रमाणपत्र में उत्तीर्ण	4^{th} पास के बराबर

भूतपूर्व सैनिक / रक्षा सेवा में व्यक्तिगत पुरस्कार (वीरता पुरस्कार) की वरीयता निम्न होगी : -

1 परमवीर चक्र	2 अशोक चक्र	3 सर्वोतम युद्ध सेवा मैडल
4 महावीर चक्र	5 कीर्ति चक्र	6 उत्तम युद्ध सेवा मैडल
7 वीर चक्र	8 शौर्यचक्र	9 युद्ध सेवा मैडल
10 सेना- नौसेना / वायु सेना मैडल	11 प्रेषण में उल्लेख	

8.6 अन्य उप-श्रेणियों के लिए प्रमाणपत्र के सम्बन्ध में दिशा निर्देश

क. स्वतंत्रता सेनानी के पोते / पोतियाँ :-

प्रमाणपत्र सक्षम अधिकारियों द्वारा जारी किया होना चाहिए ।

ख. नि:शक्त उमीदवारों के लिए :-

(i) नि:शक्त उम्मीदवारों को दाखिले में 4% आरक्षण केवल सम्बन्धित व्यवसाय में प्रशिक्षण के लिए फिट उम्मीदवारों को ही दिया जायेगा।

(As per DGT letter no: MSDE-19/02/2018-CD (Pt) dated 05-04-2019)

(ii) इस श्रेणी में प्रवेश के लिए उम्मीदवारों की विकलांगता 40% या इससे अधिक होनीं चाहिए । निःशक्तता श्रेणी के लिए DGT द्वारा निर्धारित व्यवसायों की सूचि (अनुलग्नक–(Appendix)-VIII) के अनुसार ही व्यवसायों में प्रवेश दिया जाएगा।

(iii) मेडिकल प्रमाणपत्र letter No :- 5-7/88-wel-ah dated 23.03.89 of the Director, Social and Women Welfare , Himachal Pradesh Shimla (Amended from time to time) में निहित प्रावधान के अनुसार जिलास्तर पर गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा जारी किया जाना चाहिए। कमेटी में CMO/ SMO और विकलांगता के क्षेत्र में विशेष चिकित्सा अधिकारी होना आवश्यक है।

ग. अंत्योदय / आईआरडीपी / अनाथ / बीपीएल:-

हिमाचल प्रदेश सरकार, सचिव Personnel के पत्र संख्या: APII.B (2) 5/78 दिनांक 03.07.91 के अनुसार आई.आर.डी.पी.उप-श्रेणी के लिए उम्मीदवारों को आरक्षण दिया जायेगा। इस उपश्रेणी के तहत प्रवेश पाने के इच्छुक उम्मीदवारों को आई.आर.डी.पी. / बी.पी.एल. / अंत्योदय/ अनाथ का प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा:

(i) आई.आर.डी.पी./ बी.पी.एल. का प्रमाणपत्र सरकार द्वारा समय-समय पर अधिसूचित सक्षम अधिकारी द्वारा जारी किया गया होना चाहिए। वर्तमान में पंचायत के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों हेतु (बी.डी.ओ/ एस.डी.ओ (सिविल)) द्वारा एवं नगर निगम/ परिषद/ पंचायत के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों हेतु वहां के सक्षम प्राधिकारियों द्वारा जारी होना चाहिए ।

(ii) प्रमाणपत्र (01.08.2026/ प्रशिक्षण महानिदेशालय द्वारा सत्र शुरू होने की तय तिथि को) छह महीने की अवधि से अधिक पुराना नहीं होना चाहिए।

(iii) अनाथ का प्रमाणपत्र सम्बन्धित एस.डी.ओ (सिविल)/ S.D.M. या सम्बन्धित जिला उपायुक्त द्वारा जारी किया होना चाहिए।

पिछड़े क्षेत्र से (अनुसूचित जनजाति क्षेत्र के अलावा अन्य) सम्बन्धित उम्मीदवार :-

पिछड़े क्षेत्र (अनुसूचित जनजाति क्षेत्र केअलावा अन्य) से सम्बन्धित उम्मीदवारों की वरीयता निम्न होगी :

(i) प्राथमिक / मिडल / दसवीं की परीक्षा पिछड़े क्षेत्र में स्थित स्कूल से नियमित उम्मीदवार के रूप में कोई एक परीक्षा पास की होनी चाहिए ।

(ii) उपरोक्त उम्मीदवार न होने पर पिछड़े क्षेत्र के आसपास में स्थित स्कूल से प्राथमिक / मिडल/ दसवीं में से किसी एक परीक्षा को नियमित उम्मीदवार के रूप में पास किया होना चाहिए ।

(iii) उपरोक्त (i) एवं (ii) में वर्णित उम्मीदवार न हो तो पिछड़े क्षेत्र के उम्मीदवार (पिछड़े क्षेत्र में जन्म लिए उम्मीदवार)

(iv) उप-श्रेणी (अन्य पिछड़ा क्षेत्र वर्ग के उम्मीदवार (अनुसूचित जनजाति क्षेत्र के अलावा) के रूप में ऊपर लिखित उम्मीदवार कीअनुपलब्धता के मामले में इसे मुख्यवर्ग में विलय कर दिया जायेगा।
नोट- पिछड़े क्षेत्र का प्रमाण पत्र सक्षम अधिकारी द्वारा जारी होना चाहिए।

9. आयु सीमा

Driver cum Mechanic (LMV) व्यवसाय हेतु न्यूनतम आयु सीमा 18 वर्ष तथा अन्य व्यवसायों हेतु सभी उम्मीदवारों के लिए न्यूनतम आयुसीमा 01/08/2026 प्रशिक्षण महानिदेशालय द्वारा सत्र शुरू होने की तय तिथि को 14 वर्ष है। औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में प्रवेश पाने के इच्छुक उम्मीदवारों के लिए ऊपरी आयु सीमा की कोई बाधा नहीं है।

10. शारीरिक फिटनेस

दाखिले के लिए चुने गए प्रत्याशियों को औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिला लेते समय उपबंध-5 (**Appendix-V**) **Medical Fitness Certificate** जो कि सरकारी चिकित्सा अधिकारी (सक्षम चिकित्सा अधिकारी) द्वारा जारी किया गया हो पेश करना होगा ।

नोट :- (i) चिकित्सा प्रमाण- पत्र को प्रवेश के समय ही प्रस्तुत करना होगा ।

(ii) योग्यता क्रम में आने वाले ऐसे प्रत्याशियों जिनकी केवल मात्र एक आँख में ही ठीक एवं पर्याप्त दृष्टि हो तों उनको केवल उन ही व्यवसायों के प्रशिक्षण में प्रवेश हेतु consider किया जायेगा, जिनकी कि एक आँख की दृष्टि प्रशिक्षण प्राप्त करने में पर्याप्त हो तथा प्रशिक्षण उपरांत रोजगार प्राप्त करने में बाधा न हो ऐसे प्रत्याशियों को योग्यतानुसार सम्बन्धित व्यवसाय हेतु निर्धारित न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता रखना अनिवार्य होगा । कृपया प्रधानाचार्य आई. टी. आई. (नि:शक्त व्यक्तियों) सुन्दरनगर से अधिक जानकारी प्राप्त कर लें।

(iii) प्रवेश लेते समय नि:शक्त व्यक्तियों को निदेशक, समाज एवं महिला कल्याण विभाग, हिमाचल प्रदेश, शिमला के पत्र संख्या 5/7/88 वेल. ए.एच., दिनांक 23/03/1989 तथा तदोपरान्त इस सम्बन्ध में जारी संशोधनों सहित के अनुरूप जिला स्तर पर निर्धारित मैडिकल बोर्ड द्वारा दिया गया प्रमाण पत्र ही मान्य होगा। उपरोक्त वर्णित मेडिकल बोर्ड के अतिरिक्त किसी अन्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा दिया गया स्वास्थ्य प्रमाण पत्र मान्य नहीं होगा। इस प्रकार के स्वस्थ्य प्रमाण पत्र के साथ लिए गए प्रवेश को रद्द कर दिया जाएगा।

11. ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया सम्बन्धित जानकारी

आवश्यक सूचना :

यदि किसी भी समय यह प्रमाणित हो जाता है कि प्रवेश के लिए उम्मीदवार ने झूठी जानकारी एवं प्रवेश के लिए झूठे प्रमाण-पत्र प्रस्तुत किये/ दिए हैं तो उसका प्रवेश तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया जायेगा एवं उसके विरुद्ध नियमानुसार क़ानूनी कार्यवाही अमल में लाई जा सकती है ।

जिन अभ्यर्थियों का SIDH Portal पर सक्रिय प्रवेश है (जैसे कि यदि कोई अभ्यर्थी सत्र 2025-27 में दो वर्षीय व्यवसाय के लिए सिद्ध पोर्टल पर पंजीकृत हुआ है तो उसका प्रवेश अभी सक्रिय है), उन्हें सत्र 2026 में किसी अन्य सीटीएस पाठ्यक्रम में पुनः प्रवेश लेने की अनुमति नहीं दी जाएगी, यदि वे बिना सूचना के प्रवेश लेंगे तो उनका प्रवेश रद्द माना जाएगा।

(1) सर्वप्रथम उम्मीदवार को ऑनलाइन वेबसाइट www.hptechboard.com पर अपने को New User के रूप में रजिस्टर करना होगा, इससे login user id एवं password प्राप्त होगा तथा वह अन्य जानकारी को वेबसाइट पर भर सकेगा।कृपया अपना login user id एवं password सुरक्षित एवं निजी रखें तथा किसी के साथ सांझा (शेयर)

न करें। यदि आप अपना login user id एवं password किसी के साथ भी सांझा **(**शेयर**)** करते हैं तथा इसके कारण आपकी ऑनलाइन प्रवेश पत्र में कोई अवांछनीय परिवर्तन होता है तो इस स्थिति में आप स्वयं जिम्मेवार होंगे। आवेदक असुविधा की स्थिति में Web Site पर उपलब्ध दिशा निर्देशों की सहायता ले सकता है**,**या निकटतम राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में सम्पर्क कर सकता है।

(2) इसके लिए वेबसाइट के होम पेज पर उपलब्ध **"ITI online Admission for Session 2026-27 "** विकल्प के अंतर्गत पंजीकरण के विवरण को भरें ।

(3) सारी जानकारी भरने के बाद**,** उम्मीदवार अपने पंजीकरण फार्म का प्रिंट ले सकते हैं। यह पंजीकरण के दौरान आवंटित उम्मीदवार की पंजीकरण संख्या और पासवर्ड याद रखने के लिए है।

(4) उम्मीदवार "पहले से ही पंजीकृत उपयोगकर्ताओं (Login)" का उपयोग करके उसमे प्रवेश करने के बाद पंजीकरण और उसकी **/** उसके ब्यौरे को सही कर सकते हैं।

(5) पंजीकरण के दौरान उम्मीदवार को पंजीकरण शुल्क भरना होगा। यह शुल्क नेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान किया जा सकता है ।

6) निर्धारित पंजीकरण शुल्क भरने के बाद पुनः लॉग इन करके अन्य जानकारी भरें एवं Save करें।

(7) कृपया अपनी फोटोग्राफ एवं पंजीकरण शुल्क का विवरण भरना न भूलें।

(8) पंजीकरण एक बार की प्रक्रिया है और यह सब ऑनलाइन परामर्श के लिए मान्य होगा। इसलिए उम्मीदवार को विकल्प बहुत ध्यान से भरने होंगे।

(9) Sports उप वर्ग के तहत प्रवेश चाहने वाले उम्मीदवारों को पंजीकरण विवरण के प्रिंट एवं अपने मूल प्रमाण पत्र के साथ उम्मीदवार को पूर्व निर्धारित Designated Institute में उनको verify करवाने हेतु एवं Sports के लिए अतिरिक्त अंकों का अधिभार लेने हेतु निर्धारित अवधि में आना होगा।

(10) उम्मीदवार अपनी ट्रेड लेने की चॉइस (Choice) को काउंसलिंग कार्यक्रम के अनुसार निर्धारित तिथि तक login करके भर सकता है।

(11) इसके अलावा online प्रवेश की पूरी जानकारी वेबसाइट पर उपलब्ध है।

(12) किसी भी तरह की सुविधा के लिए अपने निकटतम राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से संपर्क करें।

(13) प्रवेश के लिए उम्मीदवार को अपनी चॉइस **(Choice)** को **Save** करना होगा। प्रथम चरण की प्रवेश प्रक्रिया सम्पन्न होने पर यदि उम्मीदवार को कोई स्थान आबंटित होता है तो उसे निर्धारित समय में उसे ज्वाइन करना होगा एवं निर्धारित शुल्क भी भरना होगा। यदि यह उसकी पसंद नहीं है तो वह अगले प्रवेश चरण के लिए लॉग इन करके अपनी चॉइस भर सकता है। ऐसा करने पर यदि उसको उसकी चॉइस की सीट आबंटित नहीं होती है तो उसके द्वारा पहले ली गई सीट सुरक्षित रहेगी**,** अन्यथा नई चॉइस की सीट आबंटित होने पर पहले आबंटित की गई सीट को अन्य उम्मीदवार को दे दिया जायेगा**,** पुराने उम्मीदवार का उस पर कोई हक़ नहीं होगा तथा उसका ।T। या विभाग पर कोई न्यायिक दावा नहीं होगा।

(14) उपरोक्त कार्यक्रम के अनुसार दो ऑनलाइनचरणों व अंतिम spot admission चरण में प्रवेश प्रक्रिया को पूरा किया जायेगा।

(15) प्रथम दो चरणों में प्रदेश सरकार द्वारा जारी 200 पॉइंटरोस्टर के अनुसार admission की जाएगी । द्वितीय काउंसलिंग राउंड के बाद भी कोई सीट खाली रह जाती है**,** तो उसे संस्थान स्तर पर spot admission **(**मेरिट आधार पर**)** चरण के तहत भर दिया जायेगा। तथापि खाली सीटों की जानकारी को वेबसाइट पर प्रदर्शित किया जायेगा ।

(16) उम्मीदवार की व्यक्तिगत जानकारी में यदि कोई गलती है तो यह उसकी स्वयं की जिम्मेदारी है और Directorate of Technical Education HP / आई.टी.आई. को इस बारे जिम्मेवार नहीं ठहराया जा सकता है। अतः सभी अभ्यर्थियों को यह सलाह दी जाती है कि अपनी जानकारी ठीक ढंग से भरें।

(17) द्वितीय काउंसलिंग राउंड से नए एवं अन्य राज्यों के इछुच्क अभ्यर्थी भी प्रवेश के लिए आवेदन कर सकते हैं । इसके अतिरिक्त महिला औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में महिला उम्मीदवार के उपलब्ध न होने पर पुरुष अभ्यर्थियों को भी स्पॉट राउंड में मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जा सकता है।

(18) यदि द्वितीय काउंसलिंग राउंड के बाद भी कोई सीट खाली रह जाती है तो उसे संस्थान स्तर पर spot admission हेतु निर्धारित तिथियों के अनुसार **11:30** बजे प्रातः तक आवेदन लिए जाएंगे तथा **02:00** बजे दोपहर के बाद मेरिट के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा। द्वितीय काउंसलिंग राउंड के उपरान्त खाली सीटों की जानकारी **web site** पर प्रदर्शित कर दी जाएगी। मेरिट सूचि प्रतिदिन **11:30** बजे प्रातः तक प्राप्त आवेदनों के अनुसार दैनिक आधार पर तैयार की जायगी। पिछले दिन तैयार की गई मेरिट सूचि मान्य नहीं होगी। यदि अभ्यर्थी ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल पर पहले से पंजीकृत नहीं है तो उसे स्पॉट राउंड में प्रवेश हेतु पहले ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल पर पंजीकरण करना होगा तथा पंजीकरण शुल्क भी ऑनलाइन एडमिशन पोर्टल के माध्यम से ही जमा करवाना होगा।

(19) संस्थान स्तर पर होने वाले स्पॉट राउंड के दौरान अभ्यर्थियों के द्वारा छोड़ी गई सीटों को स्पॉट राउंड के जिन दिनों में किसी भी प्रतिशतता वाले अभ्यर्थी आ सकते हैं उन दिनों में ही भरा जाएगा

(20) स्पॉट राउंड में अभ्यर्थियों को केवल दो बार ही संस्थान/ व्यवसाय बदलने का मौका दिया जाएगा।

(21) NCVET के अंतर्गत चल रहे व्यवसायों में प्रवेश प्राप्त कर रहे अभ्यर्थियों का प्रशिक्षण महानिदेशालय के सिद्ध पोर्टल (SIDH Portal) पर दो वर्षीय व्यवसायों में सक्रिय प्रवेश नहीं होना चाहिए इस हेतु प्रवेश के समय अभ्यर्थियों से शपथ पत्र लिया जाएगा (Appendix-X) तथा प्रवेश प्रक्रिया समाप्त होने के पश्चात इस सन्दर्भ में संस्थानों के द्वारा भी निदेशालय में शपथ पत्र जमा करवाया जाएगा (Appendix-XI)। यदि कोई अभ्यर्थी झूठा शपथ पत्र जमा करवाकर प्रवेश प्राप्त करता है तो उसका ब्यौरा सिद्ध पोर्टल पर अपलोड न होने के लिए वह स्वयं जिम्मेवार होगा तथा उसका प्रवेश रद्द माना जाएगा।

(22) विभाग, आई.टी.आई.के लिए ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया का आयोजन कर रहा हैं। यह प्रवेश प्रक्रिया को सबसे अच्छा एवं पारदर्शी करने के लिए किया जा रहा है । हालांकि, कुछ तकनीकी खराबी के कारण अगर गलत आबंटन हो जाता है तो Directorate of Technical Education HP / ITI गलत तरीके से आवंटित सीट को रद्द करने और पुनः आबंटन सहित उपयुक्त सुधारात्मक उपाय करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। ऐसा एक ही या बाद के काउंसलिंग राउंड में आबंटित सीटों के बारे में भी होने पर उपरोक्त सुधारात्मक कार्यवाही विभाग करने का अधिकार सुरक्षित रखता है। इस मामले में Director Technical Education का निर्णय अंतिम होगा और सभी सम्बंधित पक्षों को मानने के लिए बाध्य होगा। उपयुक्त सुधारात्मक कार्रवाई होने पर हुए नुकसान के लिए Directorate of Technical Education HP/ ITI नुकसान की भरपाई के लिए जिम्मेदार नहीं होगा।

(23) सभी विवादों का निपटारा केवल सुंदरनगर स्थित हिमाचल प्रदेश के न्यायिक क्षेत्राधिकार के अधीन किया जाएगा।

12.खेल से सम्बन्धित प्रमाणपत्र सत्यापन बारे अधिकृत संस्थान

(Designated Institute)

ऑनलाइन आवेदन के बाद खेल से सम्बन्धित प्रमाण पत्र सत्यापन हेतु Designated Institute बनाये गए हैं जहाँ पर प्रत्याशियों को अपने प्रमाण पत्रों को काउंसलिंग शैड्यूल में दी गयी तिथियों के अनुरूप अतिरिक्त अधिभार के लिए सत्यापित करवाना होगा। सत्यापित न करवाने की स्थिति में अतिरिक्त अधिभार की गणना नहीं की जाएगी।

List of Designated Centre with Contact Numbers			
Sr. No.	**Name of Govt. ITI**	**E mail Address**	**Telephone No.**
		Distt. Bilaspur	
1	BILASPUR	pplitiblp@gmail.com	01978-224774
Distt. Chamba			
2	CHAMBA	itichamba@rediffmail.com	01899-222285
3	KILLAR	itikillar@rediffmail.com	01897-242222
4	BHARMOUR	bmr.iti@gmail.com	01895-225487
		Distt. Hamirpur	
5	RAIL	itirail@rediffmail.com,	01972-236563
Distt. Kangra			
6	SHAHPUR	itishahpur@yaho.com	01892-238023
		Distt. Kinnaur	
7	RECKONGPEO	principalitireckongpeo@rediffmail.com	01786-222215
		Distt. Kullu	
8	SHAMSHI	suneel66@yahoo.co.in	01902-260692
		Distt. Lahaul - Spiti	
9	UDAIPUR	itiudaipur@yahoo.com	01909-222224
10	RONGTONG	itirongtong@gmail.com	01906-222418
		Distt. Mandi	
11	MANDI	itimandi@rediffmail.com	01905-235544
		Distt. Solan	
12	SOLAN	itisolan59@gmail.com	01792-223753
		Distt. Shimla	
13	SHIMLA	pplitisml@yahoo.co.in	0177-2830983
14	RAMPUR	principalrampur@yahoo.com	01782-233149
		Distt. Sirmour	
15	NAHAN	itinahan@yahoo.com	01702-222319
		Distt. Una	
16	UNA	itiuna@yahoo.in	01975-223203

13. अंक प्रतिशतता गणना की प्रक्रिया

मैरिट निम्न के अनुसार निर्धारित की जाएगी :-

क) प्रवेश के लिए मेरिट दसवीं के कुल प्राप्त अंकों से ही निकाली जाएगी।

ख) CBSE के मैट्रिक प्रमाण पत्र में प्राप्त Grade Point X 9.5 से मेरिट निकाली जाएगी।

ग) Open School: - यदि प्राप्त अंकों व अधिकतम अंकों का कुल योग नहीं दिया गया है तो उतीर्ण हुए उम्मीदवारों के पहले पांच विषयों में प्राप्त कुल अंकों के योग से मेरिट निकाली जाएगी।

घ) शेष अन्य राज्य:- या तो पात्रता परीक्षा का प्रमाण पत्र कुल अंकों को दर्शाता हो या उम्मीदवार कुल अंकों वाला प्रमाण पत्र सम्बन्धित पाठशाला से लाये ।

(उपरोक्त सभी में यदि दो या अधिक उम्मीदवारों की अंक प्रतिशतता (Merit) समान हो तो अधिक आयु के उम्मीदवार को अधिमान दिया जाएगा।)

14. राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की शुल्क संरचना

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा **मुख्य मंत्री सुख शिक्षा योजना** के सन्दर्भ में जारी अधिसूचना के मद संख्या 8 i) (b) के अनुसार: संस्थान पात्रता प्रमाण पत्र रखने वाले अभ्यर्थी से पाठ्यक्रम शुल्क, छात्रावास शुल्क और मेस शुल्क की मांग नहीं करेगा तथा इन शुल्कों की समेकित मांग, संबंधित जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी को प्रस्तुत करनी होगी, जहां संस्थान स्थित है।

14.1 शुल्क और अन्य संस्थागत कोष राशियाँ रियायती सीटों (Subsidised Seats) के लिए:-
(**राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के नियमित पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए शुल्क एवं अन्य निधियां**)
तकनीकी शिक्षा विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार की अधिसूचना संख्या EDN(TE)C(5)1/2014-L दिनांक 06.03.2025
चयनित उम्मीदवार को चयनपत्र प्रस्तुत करने की समय पर निर्धारित तारीखों के भीतर सम्बन्धित आई.टी.आई.में निम्नलिखित शुल्क एवं अन्य निधियां जमा करवानी होगी :-

S. N	Head	Amount (Rs.)
	(A) Fee	
1	Admission Fee (One Time payable at the time of admission)	200/-
2	Tuition Fee (Per Six Month)	1200/-
	(B) Charges	
1	Certificate Charges (One Time)	100/-
	(C) Funds	
1	Institutional Security (Refundable) (One Time)	1000/-
2	Insurance (Every Year)	200/-
3	Training and Placement Fund (one time)	300/-
4	Identity card fund (One Time)	100/-

5	Student Welfare Fund (Per Six Month)	800/-
6	Development Fund (Building fund, Sports and culture activities fund) (Per Six Month)	500/-
7	Water and Electricity Fund (Per Six Month)	250/-
8	Medical Fund (Per Six Month)	100/-
9	Internal Examination Fund (Per Six Month)	100/-
10	Library Fund (Per Six Month)	100/-
11	Computer Education Fund (Per Six Month)	600/-
12	Corpus Fund for student welfare (Per Year)	20/-
	Total	**5570/-**

ध्यान दें:

1. निर्धारित फीस और अन्य निधियां अर्धवार्षिक आधार पर लिए जा रहे हैं ।
2. एक समय (one time) फंडों को प्रशिक्षण अवधि में एक बार लिया जा सकता है।
3. महिला प्रशिक्षणार्थियों से ट्यूशन फीस नहीं ली जाएगी।
4. 40% या उससे अधिक विकलांग प्रशिक्षणार्थियों से प्रवेश शुल्क एवं ट्यूशन फीस नहीं ली जाएगी।
5. कारपैन्टर और आशुलिपि एवं सेक्रेट्रियल सहायक (हिन्दी) के प्रशिक्षणार्थियों को ट्यूशन, प्रवेश शुल्क, संस्थागत सुरक्षा राशि, इंसोरेंस एवं Corpus Fund को छोड़कर अन्य निधियों में 50% तक की छूट है।
6. फीस, अन्य शुल्क और संस्थागत सुरक्षा राशि (वापसी योग्य) को बिना किसी सूचना के बदला जा सकता है।
7. उपरोक्त संस्थागत सुरक्षा राशि (वापसी योग्य) को लेने हेतु प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण के पूरा होने या प्रशिक्षण छोड़ने के बाद एक साल के अन्दर आवेदन करना होगा। संस्थागत सुरक्षा राशि (वापसी योग्य) से प्रशिक्षणार्थी के खिलाफ किसी भी वसूली / दंड राशि को सम्बंधित प्रधानाचार्य द्वारा काटा जा सकता है। सुरक्षा राशि से अतिरिक्त वसूली योग्य राशि को सम्बंधित प्रशिक्षणार्थी संस्थान छोड़ने से पहले जमा करने के लिए बाध्य है। प्रशिक्षण के पूरा होने या प्रशिक्षण छोड़ने के बाद एक साल के अन्दर यदि संस्थागत सुरक्षा राशि (वापसी योग्य) को वापिस लेने हेतु प्रशिक्षणार्थी के द्वारा यदि आवेदन नहीं किया गया तो इसे संस्थान के विकास कोष में जमा कर दिया जायेगा एवं तदोपरांत वापिस नहीं किया जायेगा**।**
8. उपरोक्त सभी निधियां (फीस को छोड़ कर) गैर सरकारी निधि है और सम्बंधित प्रधानाचार्य द्वारा संचालित किये जायेंगे, सम्बंधित प्रधानाचार्य संस्थान के छात्र कल्याण समिति की सहमति से एवं छात्र कल्याण निधि के नियमानुसार खर्च कर सकते हैं ।
9. चयनित उम्मीदवार को एक बार में एक ही किस्त में सभी शुल्क अर्धवार्षिक तौर पर जमा करने हैं ।
10 उपरोक्त वर्णित शुल्क एवं निधियां निजी आईटीआई के लिए प्रायोजित उम्मीदवारों के लिए भी लागू है।
11. सभी शुल्क एवं निधियां जमा करने की अंतिम तारीख माह (February/ August) की 10 तारीख है, इसके उपरान्त माह की 25 तारीख तक 15 रूपये प्रति दिन विलम्ब शुल्क लगेगा, 25 तारीख के बाद प्रशिक्षणार्थी का नाम संस्थान के हाजिरी रजिस्टर से काट दिया जायेगा।
12. इन प्रशिक्षणार्थियों (जिनका नाम शुल्क एवं निधियां निर्धारित समय पर जमा न कराने के कारण काटा गया हो) को पुनः प्रवेश निदेशक तकनीकी शिक्षा की अनुमति से दिया जा सकता है।
13. निदेशालय में जमा करवाई जाने वाली निधियां प्रवेश की अंतिम तिथि से 15 दिन के भीतर-भीतर निदेशालय में भेजना सुनिश्चित करें।

14.2 स्वयं-वित्तपोषित (गैर रियायती) सीटों के लिए शुल्क और अन्य संस्थागत कोष राशियाँ :-

(i) For One year /Two years Engineering Trades

Sr. No	Description	Amount (in Rs.)	Remarks
a)	**Fee**		
1	Admission Fee (One Time)	200/-	To be deposited in Govt. Head
b)	**Funds**		
2	Institutional Security(One Time)	1000/-	Refundable upto 1-year after completion of training
3	Training & Placement Fund (One Time)	100/-	To be retained by the T&P Cell
4	Insurance (Every Year)	200/-	For Insurance purpose of trainees
5	Identity Card Fund (One Time)	50/-	For Identity card of trainees
6	Institutional Development Fund (per Six Month)	6500/-	To be retained/Utilized with the consent of Institute management Committee.
7	Computer Fund (per Six month)	650/-	Computer Fee will be used for raw material pertaining to computer, maintenance of old computers, purchase of new computers and engaging computer trainers etc.
8	Corpus Fund for student welfare (per year)	20/-	
9	Certificate Charges (One Time)	100/-	
	Total	**8820/-**	

For one-year Non-Engineering Trades

Sr. No	Description	Amount (in Rs.)	Remarks
a)	**Fee**		
1	Admission Fee (One Time)	200/-	To be deposited in Govt. Head
b)	**Funds**		
2	Institutional Security(One Time)	1000/-	Refundable upto 1-year after completion of training
3	Training & Placement Fund (One Time)	100/-	To be retained by the T&P Cell
4	Insurance (Every Year)	200/-	For Insurance purpose of trainees
5	Identity Card Fund (One Time)	50/-	For I card of trainees
6	Institutional Development Fund (per Six Month)	4825/-	To be retained/Utilized with the consent of Institute management Committee.
7	Computer Fee (Per Six Month)	650/-	Computer Fee will be used for Raw material pertaining to computer, maintenance of old

			computers, purchase of new computers and engaging computer trainers etc.
8	Corpus Fund for student welfare (per year)	20/-	
9	Certificate Charges (One Time)	100/-	
	Total	**7145/-**	

गैर-रियायती सीटों की शुल्क संरचना में वृद्धि हेतु मामला सरकार के विचाराधीन है यदि सरकार से अनुमोदन प्राप्त होता है तो उस स्थिति में नई शुल्क सरंचना ही लागू होगी।

नोट: -

i. संस्थागत विकास कोष (Institutional Development Fund) संस्थान प्रबंधन समिति की सहमति के साथ प्रशिक्षणार्थियों के प्रशिक्षण हित में उपयोग किये जा सकने वाला कोष है। अतः संस्थान प्रबंधन समिति इस कोष का उपयोग स्टेट स्टीयरिंग कमेटी द्वारा समय-समय पर लिए गए निर्णयों एवं नियमानुसार प्रशिक्षण हित में कर सकती है।

ii. संस्थान प्रबंधन समिति/ छात्र कल्याण समिति कम्प्यूटर निधि को कम्प्यूटर/ Consumable एवं अन्य सम्बन्धित सामग्री, पुराने कम्पूयटरों के रख रखाव पर खर्च करने के लिए नियमानुसार सक्षम है।

iii. नए कम्प्यूटर की खरीद हेतु आई०एम०सी० से नियमानुसार स्वीकृति लेनी होगी ।

iv. शुल्क और सुरक्षा राशि का रख रखाव किसी सूचना के बिना बदला जा सकता है।

v. निर्धारित धन राशि अर्धवार्षिक आधार पर ली जायेगी ।

vi. एक बार ली जाने वाली धनराशि (one Time) को पूरी प्रशिक्षण अवधि में एक बार ही लिया जायेगा।

vii. उपरोक्त संस्थागत सुरक्षा राशि (वापसी योग्य) को लेने हेतु प्रशिक्षणार्थी को प्रशिक्षण के पूरा होने या प्रशिक्षण छोड़ने के बाद एक साल के अन्दर आवेदन करना होगा। संस्थागत सुरक्षा राशि (वापसी योग्य) से प्रशिक्षणार्थी के खिलाफ किसी भी वसूली / दंड राशि को सम्बंधित प्रधानाचार्य द्वारा काटा जा सकता है। सुरक्षा राशि से अतिरिक्त वसूली योग्य राशि को सम्बंधित प्रशिक्षणार्थी संस्थान छोड़ने से पहले जमा करने के लिए बाध्य है। प्रशिक्षण के पूरा होने या प्रशिक्षण छोड़ने के बाद एक साल के अन्दर यदि संस्थागत सुरक्षा राशि (वापसी योग्य) को वापिस लेने हेतु प्रशिक्षणार्थी के द्वारा यदि आवेदन नहीं किया गया तो इसे संस्थान के विकास कोष में जमा कर दिया जायेगा एवं तदोपरांत वापिस नहीं किया जायेगा**।**

viii. उपरोक्त संस्थागत विकास कोष / आईएमसी फंड गैर सरकारी कोष हैं। ये फंड सदस्य सचिव **IMC** द्वारा नियंत्रित होते है और संस्थान की संस्थान प्रबंधन समिति की सहमति के साथ सम्बन्धित संस्थान के प्रधानाचार्य द्वारा आईएमसी फंड के नियमानुसार इस्तेमाल किया जाएगा।

ix. सभी शुल्क एवं निधियां जमा करने की अंतिम तारीख माह (February/ August) की 10 तारीख है, इसके उपरान्त माह की 25 तारीख तक 15 रूपये प्रति दिन विलम्ब शुल्क लगेगा, 25 तारीख के बाद प्रशिक्षणार्थी को नाम संस्थान के हाजिरी रजिस्टर से काट दिया जायेगा।

x. इन प्रशिक्षणार्थियों (जिनका नाम शुल्क एवं निधियां निर्धारित समय पर जमा न कराने के कारण काटा गया हो) को पुनः प्रवेश निदेशक तकनीकी शिक्षा की अनुमति से दिया जा सकता है।

xi. **निदेशालय में जमा करवाई जाने वाली निधियां प्रवेश की अंतिम तिथि से 15 दिन के भीतर-भीतर निदेशालय में भेजना सुनिश्चित करें।**

14.3 छात्रावास सुविधाएं एवं शुल्क और अन्य प्रभार

छात्रावास सुविधाएं राजकीय आईटीआई शाहपुर, रिकौंगपीओ, रामपुर, जुब्बल, शिमला, सोलन, शमशी, नाहन, चम्बा, ऊना, बिलासपुर, भोरंज, (निःशक्त व्यक्तियों के लिए) सुंदरनगर एवं रैल में उपलब्ध हैं यह शुल्क छात्रावास के लिए प्रवेश करने वाले प्रशिक्षणार्थियों को ही लागू होगा। छात्रावास में प्रवेश (सभी शिफ्ट्स के प्रशिक्षणार्थियों सहित) योग्यता (10वीं की मेरिट) के आधार पर किया जाएगा:

Sr. No.	Details	Fee/Charges (in Rs.)
1.	Hostel Room rent (For Six Months)	600/-
2.	Electricity and Water Charges (For Six Months)	600/-
3.	Hostel Services and Maintenance Fund (For Six Months)	750/-
4.	Hostel Development Fund(Yearly)	500/-
5.	Hostel Security (Refundable) (One Time)	1500/- (Refundable)
6.	Mess Charges	On Actual Basis
Total at the time of admission		3950/-

आई.टी.आई (निःशक्त व्यक्तियों के लिए) सुन्दर नगर (हि०प्र०) में लडकों के लिए छात्रावास की सुविधा उपलब्ध है। निःशक्त प्रशिक्षणार्थियों को दी जाने वाली सुविधायें निदेशक, अनुसूचित-जाती, अन्य पिछड़ा वर्ग और अल्प संख्यक मामले, हिमाचल प्रदेश से इस सम्बन्ध में जारी किए गए पत्रों के अनुरूप उस विभाग द्वारा उपलब्ध करवाई जाएगी। इस बारे में विस्तृत जानकारी जिला कल्याण अधिकारी के कार्यालय से अथवा प्रधानाचार्य औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान, निःशक्त व्यक्तियों (**PWD**) सुंदरनगर, के कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है निःशक्त व्यक्तियों को प्रवेश के समय समाज एवं महिला कल्याण विभाग, हिमाचल प्रदेश के ऊपर वर्णित पत्र के अनुरूप गठित मेडिकल बोर्ड द्वारा दिए गए मेडिकल सर्टिफिकेट के साथ देना होगा, अन्यथा प्रवेश रद्द समझा जायेगा।

14.4 परीक्षा शुल्क और अन्य प्रभार

एन.सी.वी.ई.टी./ एस.सी.वी.टी. परीक्षा के लिए निर्धारित फीस प्रशिक्षणार्थी द्वारा जमा करवानी होगी, जिसका निर्धारण समय-समय पर हि.प्र. तकनीकी शिक्षा बोर्ड धर्मशाला / डी.जी.टी न्यू दिल्ली करेगी।

नोट:-

(1) ये शुल्क किसी भी समय बिना सूचना परिवर्तित हो सकते हैं ।

(2) Regular प्रशिक्षणार्थियों को ALL INDIA TRADE TEST में उनके परीक्षा केन्द्र को बदलने की अनुमति नहीं होगी।

14.5 शुल्क एवं निधियों का समायोजन

i. प्रथम स्पॉट राउंड से पूर्व यदि राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेशित अभ्यर्थी अपनी सीट/ प्रशिक्षण छोड़ता है (अर्थात उसने कहीं भी दुसरे औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रवेश प्राप्त नहीं करना है) तो उस स्थिति में उसके द्वारा जमा करवाए गए शुल्क में से प्रवेश एवं शैक्षणिक शुल्क को छोड़कर केवल निधियां ही वापिस की जांएगी, उसके पश्चात कोई भी शुल्क एवं निधियां वापिस नहीं की जायेंगी। इस स्तिथि में सम्बन्धित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान अभ्यर्थी को प्रशिक्षण शुरू होने के पश्चात तीन माह के भीतर निधियां वापिस करेगा।

ii. यदि अभ्यर्थी एक राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान से दुसरे राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान/ एक व्यवसाय से दुसरे व्यवसाय में अगले काउंसलिंग राउंड में प्रवेश लेता है तो अभ्यर्थी को फण्ड के समायोजन हेतु पहले जमा करवाई हुई मूल रसीद की प्रति संस्थान में प्रवेश के समय जमा करवानी होगी। सम्बन्धित संस्थान के प्रधानाचार्य को यह सुनिश्चित करना होगा की अभ्यर्थी ने जिस संस्थान में पूर्व में प्रवेश लिया था वहां पर शुल्क जमा करवाए थे। शुल्क का समायोजन रियायती सीटों (Subsidised Seat) से रियायती सीटों, गैर रियायती सीटों (Non-Subsidised Seat) से गैर रियायती सीटों के अतिरिक्त गैर रियायती सीटों से रियायती सीटों एवं रियायती सीटों से गैर रियायती सीटों पर भी कर दिया जाएगा।

iii. राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों एवं निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों से राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के मध्य किसी भी शुल्क का समायोजन नहीं किया जाएगा।

15. प्रशिक्षणार्थियों के लिए सामान्य नियम एवं अन्य जानकारी

(i) वर्दी (Uniform) : -

प्रशिक्षणार्थी निर्धारित वर्दी के दो या इससे अधिक सेट संस्थान में प्रशिक्षण शुरू होनें से पहले तैयार करवा लें तथा प्रतिदिन अपने निवास स्थान /छात्रावास से संस्थान और वापिस निवास स्थान /छात्रावास तक पहुँचने तक वर्दी को पहनना अनिवार्य होगा।

ड्रेस कोड:

ग्रीष्मकालीन:

लड़कों के लिए: स्काई ब्लू रंग की शर्ट और नेवी ब्लू रंग की पेंट (Formal) तथा काले जूते।

लड़कियों के लिए: हरे रंग की सलवार कमीज और दुपट्टा तथा काले जूते

शीतकालीन:

लड़कों के लिए: स्काई ब्लू रंग की शर्ट, नीले रंग की स्वेटर/ पुल-ओवर/जैकेट और नेवी ब्लू रंग की पेंट (Formal) तथा काले जूते।

लड़कियों के लिए: हरे रंग की सलवार कमीज और दुपट्टा, मेरून स्वेटर पुल-ओवर/जैकेट तथा काले जूते ।

नोट:

1. प्रशिक्षणार्थी (इंजीनियरिंग व्यवसाय) को कार्यशालाओं में काम करते वक्त गहरे नीले रंग का एप्रन पहनना होगा।
2. चप्पल, ढीली एवं सिंथेटिक फाइबर से बनी पोशाक कार्यशाला में पहनने की अनुमति नहीं है। कार्यशाला इंचार्ज प्रशिक्षणार्थियों की सुरक्षा के मद्देनजर इस तरह से ड्रेस्ड उम्मीदवार को कार्यशाला में प्रवेश से रोक सकते हैं।
3. बिना निर्धारित पोशाक पहने और बिना पहचान पत्र के संस्थान में भाग लेने पर प्रशिक्षणार्थी को 25/- रुपये प्रतिदिन का जुर्माना लगाया जा सकता है। अगर वह संस्थान में लगातार अनुशासनहीनता करना जारी रखता है तो उसे प्राधानाचार्य द्वारा संस्थान से निष्कासित किया जा सकता है।

(ii) प्रशिक्षणार्थियों की छुट्टियों के लिए नियम: -

प्रशिक्षणार्थियों की छुट्टियों (Casual, Medical,Special Leaves) के लिए नियम DGT द्वारा समय समय पर निर्धारित किये जाते हैं एवं प्रशिक्षणार्थियों की छुट्टियों के लिए DGT द्वारा निर्धारित (Latest) नवीनतम नियम ही लागू होंगे।

(iii) प्रशिक्षणार्थियों का पुनः प्रवेश: -

राजकीय/ निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में लगातार 10 कार्यकारी दिवसों तक बिना अवकाश प्राप्त किये अनुपस्थित रहने पर प्रशिक्षणार्थी का नाम हाजरी रिजिस्टर से काट दिया जायेगा । प्रशिक्षणार्थी यदि नाम कटने के 15 दिनों की अवधि के अन्दर प्रशिक्षण हेतु वापिस आ जाये, तो उसे निदेशक, तकनीकी शिक्षा, हिमाचल प्रदेश की अनुमति से कक्षा में दोबारा दाखिल कर सकते हैं । ऐसे दोबारा दाखिल हुए प्रशिक्षणार्थी को 500/- रूपये पुनः प्रवेश शुल्क के रूप में देनें होंगे परन्तु डी.जी.टी. द्वारा समय-समय पर निर्धारित नियमों के अनुसार प्रशिक्षणार्थी परीक्षा उपस्थिति इत्यादि से सम्बन्धित शर्तों को पूरा करने पर ही अखिल भारतीय व्यावसायिक परीक्षा में बैठने का पात्र होगा।

(iv) प्रशिक्षणार्थियों के लिए न्यूनतम अनिवार्य उपस्थिति: -

प्रशिक्षणार्थियों के लिए न्यूनतम अनिवार्य उपस्थिति के लिए नियम DGT द्वारा समय समय पर निर्धारित किये जाते हैं एवं प्रशिक्षणार्थियों के लिए न्यूनतम अनिवार्य उपस्थिति के लिए DGT द्वारा निर्धारित नवीनतम(Latest) नियम ही लागू होंगे।

(v) प्रशिक्षणार्थियों की संचयी उपस्थिति (cumulative attendance): -

संस्थान द्वारा प्रशिक्षुओं की संचयी उपस्थिति (cumulative attendance) की जाँच तिमाही आधार पर की जाएगी। प्रत्येक तिमाही के अंत में प्रशिक्षुओं की न्यूनतम संचयी उपस्थिति नीचे दिए गए विवरण के अनुसार होनी चाहिए:

Quarter	Required Minimum Cumulative Attendance %age
1st	70%
2nd	80%
3rd	75%
4th	80%

यदि किसी प्रशिक्षणार्थी की संचयी उपस्थिति प्रतिशतता तिमाही के अंत में अपेक्षित न्यूनतम संचयी उपस्थिति प्रतिशतता के अनुसार नहीं होती है तो उस स्थिति में संस्थान से प्रशिक्षणार्थी का नाम काट दिया जाएगा (यदि प्रशिक्षणार्थी की संचयी उपस्थिति प्रतिशतता चिकित्सा/ विशेष अवकाश के कारण पूर्ण नहीं होती है तो उस स्थिति में प्रशिक्षणार्थी का नाम नहीं कटेगा तथा उसे अपना प्रशिक्षण एवं उपस्थिति अतिरिक्त कक्षाएं लगाकर पूर्ण करनी होगी)। इस स्थिति में केवल प्रथम एवं द्वितीय तिमाही के पश्चात संस्थान की अनुशंसा पर ही प्रशिक्षणार्थी को पुनः प्रवेश की अनुमति दी जा सकती है। तृतीय एवं चतुर्थ तिमाही में कम संचयी उपस्थिति प्रतिशतता के कारण संस्थान से जिन प्रशिक्षणार्थियों का नाम कट चुका होगा, उन्हें पुनः प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। प्रत्येक तिमाही के अंत में 80% से कम एवं अपेक्षित न्यूनतम संचयी उपस्थिति प्रतिशतता तक की संचयी उपस्थिति प्रतिशतता पर रहने वाले प्रशिक्षणार्थियों को अपनी उपस्थिति प्रतिशतता में सुधार करने हेतु संस्थान द्वारा चेतावनी जारी की जाएगी ताकि भविष्य में उन्हें कठिनाई का सामना न करना पड़े।

(vi) प्रशिक्षणार्थियों के लिए छात्रवृत्ति और वजीफा:-

1. औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में दाखिला प्रशिक्षणार्थी को शिल्पकार प्रशिक्षण योजना के अन्तर्गत सरकार द्वारा निर्धारित नियमानुसार छात्रवृतियां दी जाती है, परन्तु यह छात्रवृतियां संस्थान की स्वीकृत क्षमता के आधार पर ही दी जाएंगी। इनके आतिरिक्त अनुसूचित जातियों, जन जातियों, अन्य पिछड़ा वर्ग,भूतपूर्व सैनिकों और भूतपूर्व सैनिकों के बच्चों को भी सम्बन्धित विभाग द्वारा छात्रवृति दी जाती है।यह सुविधा सम्बन्धित विभाग द्वारा निर्धारित नियमों के अनुसार दी जाती है। छात्रवृतियों के लिए समय पर आवेदन पत्र देना प्रशिक्षणार्थी की अपनी जिम्मेवारी होगी तथा इनका सम्बन्धित प्रधानाचार्य पर कोई उतरदायित्व नहीं होगा।
2. इच्छुक प्रत्याशी समय-समय पर प्रधानाचार्य के कार्यालय से संपर्क रखें और छात्रवृतियों के आवेदन पत्र तथा उनकी अंतिम तिथि इत्यादि का पता करते रहें और निश्चित तिथि से पहले फॉर्म पूर्ण रूप से भर कर कार्यालय में जमा करवाएं।
3. उपरोक्त वर्णित छात्रवृतियों के लिए संस्थान के सभी प्रशिक्षणार्थी (including the trainees of IMC /PPP Mode) सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित योग्यता/ वर्गानुसार पात्र होंगे। सभी पात्र प्रशिक्षणार्थियों का राष्ट्रीयकृत बैंक में खाता न., IFSC Code तथा आधार कार्ड होना आवश्यक है ।
4. कौशल विकास भत्ता 16 वर्ष से अधिक आयु के प्रशिक्षणार्थियों के लिए जिनकी पारिवारिक वार्षिक आय 2 लाख रु० से कम हो या सरकार द्वारा समय-समय पर निर्धारित नियमों के अनुसार लागू होगा ।

(vii) परीक्षा: -

प्रशिक्षणार्थियों की परीक्षा के लिए नियम DGT द्वारा समय-समय पर निर्धारित किये जाते हैं एवं प्रशिक्षणार्थियों की परीक्षा के लिए DGT द्वारा निर्धारित (Latest) नियम ही लागू होंगे।

(viii) ऑन जॉब ट्रेनिंग: -

प्रशिक्षण महानिदेशालय के द्वारा जारी पाठ्यक्रम एवं समय-समय पर जारी निर्देशों के अनुसार प्रशिक्षणार्थियों के लिए ऑन जॉब ट्रेनिंग पर जाना आवश्यक होगा जिसके दौरान होने वाले खर्चे के लिए संस्थान या सम्बन्धित संस्था/ उद्योग जिम्मेवार नहीं होगा। संस्थान द्वारा प्रशिक्षणार्थियों को ऑन जॉब ट्रेनिंग पर भेजने से पहले उनसे इस हेतु शपथ पत्र लिया जाएगा जिस पर उनके अभिवावकों की सहमति भी जरूरी होगी। (**Appendix-XII**)

(ix) आन्तरिक मूल्यांकन: -

(अ**)** आन्तरिक मूल्याकन के लिए डी.जी.टी. द्वारा निर्धारित नवीनतम नियम लागू होंगे।

(ब**)** मासिक परीक्षा में शामिल नहीं होने वाले उम्मीदवार को रुपये 100/- रु० प्रति विषय का जुर्माना किया जाएगा। प्रशिक्षणार्थी अगर गंभीर बीमारी या उसके नियंत्रण से परे किसी भी अन्य परिस्थितियों के कारण अनुपस्थित है**,** तो सम्बन्धित आईटीआई के प्रधानाचार्य इस तरह के प्रशिक्षणार्थी के लिए एक विशेष परीक्षा **(**एम आई एस पोर्टल पर डाटा अपलोड करने की समय सीमा को ध्यान रखते हुए**)** अनुसूचित कर सकते हैं।

(x) कौशल प्रतियोगिता: -

प्रशिक्षणार्थियों के कौशल के स्तर को बढ़ाने के लिए एवं उनमे पारस्परिक प्रतिस्पर्धा को बढ़ाने के लिए हिमाचल प्रदेश में प्रशिक्षण महानिदेशालय द्वारा जारी दिशा निर्देशानुसार कौशल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है ।

(xi) कक्षाएं लगाने हेतु अस्थाई प्रवास: -

NCVET के अंतर्गत प्रवेशित सभी नए प्रशिक्षणार्थियों को प्रशिक्षण महानिदेशालय, भारत सरकार के सिद्ध पोर्टल पर प्रशिक्षण महानिदेशालय द्वारा तय तिथि तक रजिस्टर करना अनिवार्य है। प्रशिक्षण महानिदेशालय, भारत सरकार प्रवास के लिए नियम निर्धारित करती है तथा इसके नवीनतम (latest) नियम ही लागू होंगे। अस्थाई प्रवास हेतु आवेदन शुल्क 1000/- रूपये (non-refundable) होगा। प्रवास हेतु निम्न तथ्यों को ध्यान में रखा जाए :

1. निदेशालय द्वारा केवल राजकीय औद्योगिक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षणार्थियों का अस्थाई प्रवास नियमानुसार एक संस्थान से दूसरे संस्थान में किया जा सकता है।
2. निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों के प्रशिक्षणार्थियों का एक संस्थान से दूसरे संस्थान में अस्थाई प्रवास नहीं होगा ।
3. NCVET के तहत चल रहे व्यवसायों में प्रवास के लिए प्रशिक्षण महानिदेशालय द्वारा निर्धारित तिथि तक ही आवेदन स्वीकार किये जांयगे।
4. NCVET के तहत चल रहे व्यवसायों से SCVT के तहत चल रहे व्यवसायों में या SCVT के तहत चल रहे व्यवसायों से NCVET के तहत चल रहे व्यवसायों में प्रवास दोनों योजनाओं के प्रशिक्षण एवं परीक्षा समय के भिन्न होने के कारण स्वीकार नहीं किया जायगा।
5. रियायती सीटों से गैर रियायती सीटों एवं गैर रियायती सीटों से रियायती सीटों में चल रहे व्यवसायों में प्रवास नहीं होगा।
6. यदि कोई प्रशिक्षणार्थी अस्थाई प्रवास को रदद् करवाना चाहता है तो उसे प्रवास रदद् करवाने हेतु शुल्क के रूप में 1000/- रूपये जमा करवाने होंगे।
7. प्रशिक्षणार्थियों से अस्थाई प्रवास हेतु लिया गया गया आवेदन शुल्क एवं प्रवास रदद् करवाने हेतु लिया गया शुल्क संस्थान के द्वारा इस निदेशालय में जमा करवाया जाएगा।

(xii) एंटी रैगिंग अंडरटेकिंग: -

प्रत्येक प्रवेशित प्रशिक्षणार्थी को Appendix-II के अनुसार H.P. Educational Institutions (Prohibition of Ragging) Act-2009 से सम्बन्धितप्लेन कागज पर आत्म सत्यापित undertaking (self attested undertaking on a plain paper) संस्थान में प्रधानाचार्य को देना होगा।

(xiii) मुख्य मंत्री सुख शिक्षा योजना: -

अभ्यर्थी सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग, हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा **मुख्य मंत्री सुख शिक्षा योजना** के संदर्भ में जारी अधिसूचना (SJE-A-F(4)-1/2024 दिनांक 03.09.2024) की विषय-वस्तु को पढ़ें तथा निम्नानुसार आवश्यक कार्यवाही करें:

1. पात्र अभ्यर्थी को पात्रता प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए आवेदन पत्र सम्बन्धित बाल विकास परियोजना अधिकारी के कार्यालय में जमा करवाना होगा।
2. अधिसूचना के मद संख्या 8 i) (b) के अनुसार: संस्थान पात्रता प्रमाण पत्र रखने वाले अभ्यर्थी से पाठ्यक्रम शुल्क, छात्रावास शुल्क और मेस शुल्क की मांग नहीं करेगा तथा इन शुल्कों की समेकित मांग, संबंधित जिले के जिला कार्यक्रम अधिकारी को प्रस्तुत करनी होगी, जहां संस्थान स्थित है।

16. अनुशासन

16.1 प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को संस्थान में व्यावहारिक नियमों का पालन करना होगा ताकि वह उन सुविधाओं का पूरा लाभ उठा सकें जो कि उसे प्रदान की गई हैं। यह नियम केवल मात्र प्रशिक्षणार्थियों एवं उनके सहपाठियों की भलाई और उनके अधिकारों को सुरक्षित रखने के लिए बनाये गये हैं। इनको बिना सूचना दिये समय समय पर बदला जा सकता है।प्रशिक्षणार्थियों को चाहिए की वे प्रतिदिन की सूचनाओं की जानकारी प्राप्त करें ।नियमों की अज्ञानता के कारण उलन्घन करने पर माफ़ नहीं किया जायेगा ।

16.2 प्रशिक्षणार्थियों से आशा की जाती है कि वे सबसे सद-व्यवहार करें, और अपने सभी सहपाठियों के साथ सम्मान पूर्वक रहें। संस्थान के सभी कर्मचारियों को पूर्ण अधिकार है कि वे प्रशिक्षणार्थियों के गलत व्यवहार को रोकें, चाहे वे संस्थान के अन्दर हों या बाहर हों, और ऐसी स्थिति में प्रशिक्षणार्थियों को उनकी आज्ञा का पालन करना होगा।

16.3 ऊँची आवाज में बोलना और बिना उद्देश्य से घूमना, यह बात दूसरों के लिए नाराजगी तथा गड़बड़ी पैदा करने वाली होने के नाते वर्जित होगी ।

16.4 धूम्रपान, गुटका, मधपान और जुआ खेलने को संस्थान की सीमा के अन्दर तथा बाहर आज्ञा नहीं होगी। यदि कोई भी प्रशिक्षणार्थी इस नियम का उलन्घन करता हुआ पाया गया तो उसको गलती पर पहली बार रूपये 100/- का जुर्माना लिया जायेगा, दूसरी बार रूपये 200/- तथा तीसरी बार प्रशिक्षणार्थी का संस्थान से नाम काट दिया जाएगा।

16.5 कक्षा में देरी से आना या कक्षा से बिना अनुमति के चले जाना, उस पीरियड के लिए प्रशिक्षणार्थी की अनुपस्थिति मानी जायेगी तथा इसके लिए 10/- रूपये जुर्माना लिया जाएगा (अधिकतम 30/- रूपये प्रतिदिन) । बिना आज्ञा अनुपस्थित रहने पर प्रशिक्षणार्थी को 15/- रूपये प्रति आधा दिवस अर्थात् Recess से पहले या बाद में अथवा 30/- रूपये प्रति दिवस (Full day) की दर से जुर्माना देना होगा।

16.6 किसी उपकरण से छेड़छाड़ करने या बिना आज्ञा किसी विभाग में प्रवेश करना वर्जित होगा।

16.7 किसी भी प्रशिक्षणार्थी का संस्थान के कर्मचारियों पर कोई अधिकार नहीं होगा ।

16.8 सामान, मशीनें और सब प्रकार के यंत्र, औजार और उपकरण प्रयोग के बाद उचित स्थान पर रखे जायें। अगर ये प्रयोग के समय नष्ट/ ख़राब हो गये हों, तो उन कारणों को इन्चार्ज को तुरंत ही बताना होगा। यदि यह सामान असावधानी से नष्ट/ ख़राब हुआ हो तो यंत्र, औजार या दूसरे उपकरणों का मूल्य चुकाना होगा तथा सम्बन्धित प्रधानाचार्य द्वारा तय जुर्माना भी इस हेतु देना होगा।

16.9 औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान के प्रांगण में किसी प्रशिक्षणार्थी के सामान या धन इत्यादि खो जाने या नष्ट हो जाने पर संस्थान पर इसकी कोई जिम्मेवारी नहीं होगी ।

16.10 प्रशिक्षणार्थी को सभी प्रकार की सावधानियां रखनी चाहिए यदि संस्थान, छात्रावास, कार्यशाला, प्रयोगशाला या in-plant Training में किसी प्रशिक्षणार्थी के साथ कोई दुर्घटना घट जाये तो संस्थान/विभाग की जिम्मेवारी नहीं होगी ।

16.11 प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को संस्थान में अपने अध्ययन का पूरा ध्यान रखना होगा। यदि किसी प्रशिक्षणार्थी का अध्ययन कार्य संतोषजनक नहीं होगा तो उसे दो चेतावनियाँ दी जाएंगी। यदि फिर भी वह अपने अध्ययन में सुधार नहीं कर पाया तो उसे नियमानुसार संस्थान से निष्कासित किया जा सकता है।

16.12 यदि कोई प्रशिक्षणार्थी चरित्रहीन हो जाये तो प्रधानाचार्य द्वारा नियमानुसार कार्यवाही करते हुए प्रशिक्षणार्थी को संस्थान से निष्कासित करने का अधिकार होगा।

16.13 यदि कोई प्रशिक्षणार्थी अपने कार्य को ध्यानपूर्वक न करे या संस्थान के अधिकारियों/ कर्मचारियों की आज्ञा का पालन न करे तो उसे प्रधानाचार्य द्वारा लिखित चेतावनी दी जा सकती है। यदि प्रशिक्षणार्थी दो अवसरों के उपरान्त भी अपने व्यवहार में परिवर्तन नहीं करता है तो उस अवस्था में प्रधानाचार्य को उसे नियमानुसार संस्थान से निष्कासित करने का अधिकार होगा।

16.14 प्रवेश के समय प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को पहचान पत्र दिये जायेंगे पहचान पत्र गुम हो जानें पर प्रशिक्षणार्थी को लिखित सूचना तुरंत सम्बन्धित प्रधानाचार्य को देनी होगी, और उसे 100/- रूपये जुर्माना तथा 100/- रूपये प्रति अतिरिक्त पहचान पत्र शुल्क लेकर पहचान पत्र दिया जायेगा। इसकी सूचना न देने पर या बाद में पता लगने पर प्रशिक्षणार्थी को कड़ी चेतावनी के साथ 200/- रूपये जुर्माना एवं 100/- रूपये प्रति अतिरिक्त पहचान पत्र शुल्क लेकर पहचान पत्र दिया जायेगा ।

16.15 प्रत्येक प्रशिक्षणार्थी को अपनी धनराशी स्थानीय डाक घर या बैंक में जमा करवानी चाहिए और आवश्यकतानुसार धन निकलवाना चाहिए। प्रशिक्षणार्थी की धनराशी के गुम या चोरी होने पर संस्थान जिम्मेवार नहीं होगा ।

16.16 संस्थान से सम्बन्धित सभी मामलों या नियमों के विषय में सम्बन्धित प्रधानाचार्य का निर्णय अन्तिम व सभी प्रशिक्षणार्थियों के लिए मान्य होगा ।

16.17 यदि किसी भी समय प्रधानाचार्य को पता लग जाये की अमुक प्रशिक्षणार्थी ने संस्थान में प्रवेश पाने या छात्रवृति प्राप्त करने हेतु किसी जाली प्रमाण पत्र या गलत तरीकों का प्रयोग किया है, तो उसे तत्काल प्रभाव से संस्थान से निष्कासित कर दिया जायेगा और इसके अलावा उसके विरुद्ध नियमानुसार क़ानूनी कार्यवाही भी की जा सकती है। यदि अनैतिक रूप से किसी प्रशिक्षणार्थी ने छात्रवृति की राशि प्राप्त कर ली हो तो ब्याज सहित वह राशि भी संस्थान को वापिस करनी होगी।

16.18 यदि कोई प्रशिक्षणार्थी प्रशिक्षण के दौरान किसी भी Police Case में Involved पाया जाता है, तो संस्थान के प्रधानाचार्य को यह पूर्ण अधिकार होगा कि सम्बन्धित प्रशिक्षणार्थी का प्रवेश तत्क्षण रद्द कर दें तथा ऐसे प्रशिक्षणार्थी को पुनः प्रवेश नहीं दिया जाएगा।

16.19 प्रशिक्षणार्थियों के लिए संस्थान में मोबाइल फ़ोन का अनावश्यक@ अनुदेशक की अनुमति के बिना प्रयोग वर्जित है, उलन्घन करने वाले प्रशिक्षणार्थियों से पहली बार रूपये 100/- का जुर्माना लिया जायेगा, दूसरी बार रूपये 200/- तथा तीसरी बार प्रशिक्षणार्थी का संस्थान से नाम काट दिया जाएगा।

16.20 रैगिंग क़ानूनी तौर पर पूरी तरह वर्जित है ।

16.21 सर्वश्रेष्ठ प्रशिक्षणार्थी पुरस्कार: प्रशिक्षणार्थियों को अनुशासन की तरफ प्रोत्साहित करने हेतु, व्यवसायवार जिन प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति 95 प्रतिशत एवं उससे अधिक तथा प्रत्येक विषय में 70 प्रतिशत या उससे अधिक अंक होंगे उन्हें संस्थान के छात्र कल्याण निधि/ संस्थान प्रबन्धन समिति निधि से व्यवसायवार/ प्रति वर्ष रुपए 5100/- दिए जायंगे।

नोट :-प्रत्येक प्रवेशित प्रशिक्षणार्थी को Appendix –II के अनुसार H.P. Educational Institutions (Prohibition of Ragging) Act-2009 से सम्बन्धित अंडरटेकिंग संस्थान में देनें पर ही प्रवेश दिया जायेगा। कृपया इसे संस्थान को Join करते समय जमा करवायें।

RAGGING, INSIDE/OUTSIDE THE INSTITUTION, IS AN OFFENCE. AS PER THE HIMACHAL PRADESH EDUCATIONAL INSTITUTION (PROHIBITION OF RAGGING) ACT-2009, EVERY OFFENCE UNDER THIS ACT SHALL BE COGNIZABLE, NON-BAILABLE AND COMPOUNDABLE WITH THE PERMISSION OF HON'BLE COURT. IF ANY STUDENT IS FOUND INDULGING IN RAGGING ACTIVITIES DIRECTLY OR INDIRECTLY, STRICT ACTION WILL BE TAKEN AGAINST HIM/HER AS PER LAW.

17. संस्थानों की समय सारणी (सामान्य एवं शिफ्ट)

(i) कार्य दिवस :-सोमवार से शनिवार (हर दूसरे शनिवार छुट्टी होगी)। विशेष परिस्थितियों को छोड़ कर संस्थान हर रविवार और राजपत्रित छुट्टियों को बंद रहेगा।

(ii) कार्य के घंटे: -आई टी आई में कार्यभार वितरण प्रशिक्षण महानिदेशालय के द्वारा जारी नवीनतम दिशा निर्देशों के अनुसार होगा।

(iii) **शिफ्ट स्थिति: -**

संस्थान एक / दो / तीन शिफ्ट में कार्य कर सकते हैं। शिफ्ट के सामान्यत: समय इस प्रकार हैं:

सुबह की शिफ्ट	:	7:30 AM -3:00 PM
सामान्य शिफ्ट	:	9:30 AM -5:00 PM
शाम की शिफ्ट	:	1:00 PM -8:30 PM

नोट :-

1. बेस यूनिट सामान्य शिफ्ट में चलाये जायेंगे।
2. उपरोक्त शिफ्टों का अधिकतम एवं न्यूनतम समय DGT द्वारा निर्धारित किया जाता है तथा इस सम्बन्ध में DGT द्वारा जारी नवीनतम (Latest) नियम लागू होंगे।

18. अस्वीकरण (Disclaimer)

